दिन– गुरूवार | दिनांक– 08 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. भारत ने पाकिस्तान द्वारा देश के पंद्रह से अधिक सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के प्रयास को निष्क्रिय किया।

02. पाकिस्तानी कार्रवाई के जवाब में भारतीय सैन्य बलों ने आज सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। जिसमें लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया।

03. ऑपरेशन सिंदूर पर हुई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया।

04. और, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में निगरानी बढ़ाई। सभी प्रशासनिक, पुलिस और आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों की छुट्टियां रद्द की गयीं।

---

भारत ने पाकिस्तान द्वारा देश के पंद्रह से अधिक सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के प्रयास को निष्क्रिय कर दिया है। पाकिस्तान की कार्रवाई के जवाब में भारतीय सैन्य बलों ने आज सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। इसमें लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

–––बाइट–––

कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया था, जिसे भारतीय सैन्य बलों की तत्परता से विफल कर दिया गया।

–––बाइट–––

कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर के कई सेक्टरों में नियंत्रण रेखा के पास अकारण गोलीबारी बढ़ा दी है। पाकिस्तानी गोलीबारी में सोलह लोगों की जान चली गई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। भारत ने समुचित जवाबी कार्रवाई की है।

———बाइट———

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सैन्य बलों ने जिस तरह आतंकी शिविरों को नष्ट किया है, वह देश के लिए गर्व की बात है। रक्षा मंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में सरकार के लिए कोई सीमा बाधा नहीं बनेगी।

———बाइट———

---

ऑपरेशन सिंदूर पर आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की है और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुई इस बैठक में विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। श्री सिंह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बारे में उन्हें जानकारी दी। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक को  रचनात्मक बताया।

———बाइट———

ऐसा वक्त में जब देश एक बहुत बड़ी चुनौती को हाथ में लेकर के काम कर रहे हैं तो इसमें राजनीति का कोई जगह नहीं है यह हमारे पूरे पॉलीटिकल पार्टीज़ ने दर्शाया है और सब लीडर्स ने एक मत से हमारे सेनाओं ने जो कार्रवाई की है ऑपरेशन सिंदूर को लेकर के पूरे बधाई भी दिया और गौरव का एहसास सबको हुआ है।

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्होंने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

———बाइट———

हम सभी जितने भी पार्टी के लोग थे। सभी ने बताया इस संकट के घड़ी में हम सब आपके साथ हैं और आप जो काम कर रहे हैं करते रहिए और देश के हित में हम आपके साथ रहेंगे।

एआईएमआईएम नेता अस्सदुद्दीन औवेसी ने भी ऑपरेशन सिंदूर के लिए सरकार और सशस्त्र बलों की सराहना की है।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेनाओं की कार्यकुशलता और क्षमता को दिखाता है। बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि हरेक देशवासी को अपनी सेना और देश के नेतृत्व पर गर्व है।

———बाइट———

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने जिस साहस और शौर्य का परिचय दिया, उससे पूरा देश गौरवान्वित है।

———बाइट——— संजय कुमार झा——— 32 सें.

---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि वे आतंक के खिलाफ भारतीय सेना के हर कदम का समर्थन करते हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि आतंकवाद का जल्द से जल्द सफाया होना चाहिए।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। श्री मोदी ने बैठक में मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालय की योजना और तैयारी की समीक्षा भी की। इधर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और थल सेना उपेन्द्र द्विवेदी ने भी आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर भेंट की।

———————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में निगरानी बढ़ा दी है। आज पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्तमान हालातों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। श्री कुमार ने सीमावर्ती जिलों के सभी महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा बढ़ाने और लगातार सघन गश्ती की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को अपने–अपने क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर पूरी सतकर्ता बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से फर्जी खबरों और अफवाहों को रोकने की समुचित व्यवस्था करने को कहा। मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए सभी प्रशासनिक, पुलिस और आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से वर्तमान परिस्थितियों में नहीं घबराने की अपील की है। श्री कुमार दस मई को पूर्णिया में राज्य के सीमावर्ती जिलों के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने ओटीटी और मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को, पाकिस्तान की वेब–सीरीज, फिल्में और अन्य सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा हित का हवाला देते हुए इस संबंध में परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने उन्हें पाकिस्तानी वेब–सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट और अन्य मीडिया सामग्री की स्ट्रीमिंग को रोकने की सलाह दी है। यह सामग्री सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल पर उपलब्ध हो या न हो, दोनों ही स्थितियों में हटानी होगी।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने पाकिस्तान द्वारा सोशल मीडिया पर चलाई जा रही विभिन्न झूठी खबरों के प्रति आम लोगों को आगाह किया है। सरकार ने कहा है कि लोगों को किसी भी भ्रामक सूचना पर विश्वास नहीं करना चाहिए। एक रिपोर्ट––

–––बाइट–––

यदि किसी को भारतीय सैन्य बलों से संबंधित या मौजूदा स्थिति से जुड़ी कोई संदिग्ध जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना पीआईबी फैक्ट चेक को दी जा सकती

है। लोग ऐसी सामग्री को व्हाट्सएप नंबर– 8799711259 और ईमेल आईडी– socialmedia@pib-gov-in पर भी साझा कर सकते हैं।

---

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है।

---

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना में बिहार ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। उद्योग विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने यह जानकारी दी।

पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन को नगर पंचायत का दर्जा मिल गया है। इसके साथ ही बिहार में नगर पंचायतों की संख्या बढ़कर एक सौ पचपन हो गई है।

औरंगाबाद जिले के लड्डुईया पहाड़ के शिकारा नाला के पास से सुरक्षा बलों को दो–दो किलो के पांच केन आईईडी बम मिले हैं। मदनपुर के एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि सभी विस्फोटकों को निष्क्रिय कर दिया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भारत ने पाकिस्तान द्वारा देश के पंद्रह से अधिक सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के प्रयास को निष्क्रिय किया।
02. पाकिस्तानी कार्रवाई के जवाब में भारतीय सैन्य बलों ने आज सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। जिसमें लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया।
03. ऑपरेशन सिंदूर पर हुई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया।
04. और, ऑपरेशन सिंदूर के बाद राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में निगरानी बढ़ाई। सभी प्रशासनिक, पुलिस और आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों की छुट्टियां रद्द की गयीं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।